भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 860

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नासिक में आयुर्वेद संस्थान

860. श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश बाजे :

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की नासिक में एक आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने की योजना है, जो आयुर्वेद और यूनानी, सिद्व, होम्यौपेथी सहित अन्य स्वदेशी चिकित्सा उपचारों में शिक्षा, अनुसंधान और उपचार सुविधाएं प्रदान करेगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उक्त, शहर और उसके आसपास आयुर्वेदिक और स्वदेशी चिकित्सा उपचारों की बढ़ती मांग के मद्देनजर एम्स की तर्ज पर नासिक शहर में एक प्रमुख आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने पर विचार कर सकती है;

(घ) यदि हां, तो प्रस्तावित संस्थान का ब्यौरा क्या है; जिसमें इसके दायरे, उद्देश्य और बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं के साथ-साथ इसकी स्थापना के लिए प्रस्तावित समय-सीमा भी शामिल हो; और

(ङ) प्रस्तावित संस्थान की स्थापना और संचालन के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): नासिक में आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****